
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

18 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**आलसी का कोई वर्तमान और भविष्य नहीं होता ।**

चाणक्य



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**18 मार्च**

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी तिथि, मंगलवार 18 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

**जीवन में महानता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं है कि हम कभी नहीं गिरते, बल्कि यह है कि हम हर बार गिरकर उठ जाते हैं।**

**The greatest achievement of greatness in life is not that we never fall, but that we get up every time we fall.**

## आज के दिन

1858– डीजल इंजन के खोजकर्ता रूडोल्फ डीजल का जन्म।

1922– महात्मा गांधी को राजद्रोह के मामले में सजा सुनाई गई।

1965– एलेक्सी लियोनोव अंतरिक्ष में चलने वाले पहले व्यक्ति बने।

2006– आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र ने 'मानवाधिकार परिषद' के गठन का प्रस्ताव मंजूर किया था।

## वार्षिक मूल्यांकन 2025

प्रथम पाली : कक्षा 3–5 के लिए पर्यावरण अध्ययन

द्वितीय पाली : कक्षा 6–8 के लिए विज्ञान

1. **आयुध निर्माण दिवस–** भारत के पहले आयुध निर्माण कारखाने की स्थापना 18 मार्च, 1801 ई. को कोशीपुर, कोलकाता में हुई थी। इस अवसर पर पूरे देश में जगह जगह रक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय आयुध निर्माणियों का मुख्यालय कोलकाता में है। भारतीय आयुध निर्माण फैक्ट्री उच्च गुणवत्ता वाले गोला–बारूद, हथियार, शस्त्र एवं वाहन का निर्माण करती है। 18 मार्च, 1802 ई. से उत्पादन की शुरूआत हुई। 1948 ई. से यह सीधे रक्षा मंत्रालय के अधीन आ गया।
2. **गोखले का प्रस्ताव–** 18 मार्च, 1910 ई. को गोपाल कृष्ण गोखले ने मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रावधान के लिए ब्रिटिश विधान परिषद् के समक्ष प्रस्ताव रखा।
3. **बिड़ला मंदिर का उद्घाटन–** नई दिल्ली में महात्मा गांधी ने 18 मार्च, 1939 ई. को लक्ष्मी नारायण मंदिर का उद्घाटन किया था, जिसका निर्माण बलदेव दास बिड़ला ने किया था।
4. **ग्लोबल रिसाइक्लिंग डे–** ग्लोबल रिसाइक्लिंग फाउंडेशन के द्वारा वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 18 मार्च को ग्लोबल रिसाइक्लिंग डे घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों के पुनःचक्रण पर जोर देना है।
   - **सदर्भः अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक रेडियंस भाग 3 पाठ 17 तथा विज्ञान भाग 1 अध्याय 18, ठोस कचरा प्रबंधन** के संदर्भ से जोड़कर बच्चों के साथ चर्चा करें।

## दिवस प्रेरणा 49



### महेन्द्र सिंह धोनी
(भारतीय क्रिकेटर)

**भारतीय रेलवे में टीटीई के रूप में काम किया ...**

**संघर्ष**

एमएस धोनी का जन्म साधारण परिवार में हुआ था। अपने क्रिकेट के सपनों को पूरा करने से पहले भारतीय रेलवे में ट्रैवलिंग टिकट परीक्षक (टीटीई) के रूप में काम किया। उन्होंने स्कूल में गोलकीपर के रूप में फुटबॉल खेलना शुरू किया, लेकिन उनके कोच ने उन्हें क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके माता–पिता की इच्छा थी कि वे इंजीनियर बनें लेकिन धोनी का क्रिकेट के प्रति जुनून बरकरार रहा। शुरूआत में धोनी को खराब फॉर्म के कारण राज्य टीम से बाहर होना पड़ा। रेलवे के वार्षिक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन के बावजूद उन्हें रणजी ट्रॉफी टीम में नहीं चुना गया।

**सफलता**

धोनी की नेतृत्व क्षमता ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। दिसंबर 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने सीनियर राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया। 2005 के इंडियन ऑयल कप में श्रीलंका के खिलाफ उनकी नाबाद 183 रन की पारी को भारतीय क्रिकेट इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक माना जाता है। इसके बाद 2011 में, उनके नेतृत्व में भारत ने 28 साल बाद वनडे विश्व कप जीता, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक सुनहरा पल था। उनकी कप्तानी में भारत ने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल, ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार, contact us : www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

18 मार्च

मधु प्रिया


## आयुध निर्माण दिवस 18 मार्च




हर साल 18 मार्च को आयुध निर्माणी दिवस मनाया जाता है। भारत की सबसे पुरानी आयुध निर्माणी की शुरुआत कोलकाता के कोसीपोर में 18 मार्च, 1802 में की गई थी। ओएफबी विश्व का 37 वां सबसे बड़ा रक्षा उपकरण बनाने वाला निकाय होने के साथ-साथ एशिया का दूसरा सबसे बड़ा और भारत में सबसे बड़ा आयुध निर्माणी है।इस दिन को देश भर में राइफलों, तोपों, तोपखाने, गोला-बारूद आदि को प्रदर्शित करके मनाया जाता है। समारोह का आरंभ परेड के साथ शुरू होता है।आयुध निर्माणी ओएफबी को भारत की “Fourth Arm of Defence” और “Force Behind the Armed Forces” (सशस्त्र बलों के पीछे बल)" के रूप में भी जाना जाता है.

ओएफबी रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के अंतर्गत काम करता है। भारतीय आयुध कारखाना भारतीय के सभी सशस्त्र बलों यानि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना को रक्षा उत्पादों की आपूर्ति करता है। ओएफबी द्वारा निर्मित आर्म्स एंड एमुनेशन, वेपन स्पेर्स, केमिकल्स एंड एक्सप्लोसिव्स, पैराशूट्स, लेदर और क्लोदिंग चीजे दुनिया भर के 30 से अधिक देशों में निर्यात किए जा रहे हैं।

# जयंती विशेष 18 मार्च



## रुडोल्फ डीजल

( डीजल इंजन के आविष्कारक )




जर्मन मेकेनिकल इंजीनियर डीजल बचपन से ही इंजीनियरिंग का शौक रखते थे. 14 साल की उम्र में उन्होंने माता-पिता को पत्र लिखकर अपने इंजीनियर बनने की इच्छा जता दी थी. तब इस बात को उनके माता-पिता ने कुछ खास गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन आखिरकार डीजल न केवल एक सफल इंजीनियर बनें, बल्कि इंजीनियरिंग की दुनिया में अपना नाम हमेशा के लिए स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कर दिया.

 राकेश कुमार

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### टेरबियम(Terbium)

लैंथेनाइड सीरीज तत्व

संकेत (symbol) - Tb

परमाणु संख्या (Atomic no.) -65

परमाणु भार (A.weight) -158.92

समूह -f block group


आवर्त (period)-6

ब्लाक (block)-f

संयोजकता (valancy)-3

समस्थानिक (isotope)-1

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Xe]$4f^9 6s^2$




### खोज

1843, कार्ल गुस्ताव

### भौतिक गुण

चांदी सफेद,नरम, तन्य, आधातवर्ध्य, दुर्लभ पृथ्वी धातु

### रासायनिक गुण

विधुत धनात्मक धातु, पानी और अम्ल के साथ प्रतिक्रियाशील

### उपयोग

फ्लोरोसेंट लैम्प, लेजर, अर्धचालक

Anu priya

Teachers of Bihar
The Change Makers

ToB TLM

CLASS 5

# EVS

## बीजों का बिखरना


* बीजों के एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने को बीजों का बिखरना कहा जाता है।
* बीज कई तरह से बिखरते हैं जैसे- जानवरों के द्वारा, पक्षियों के द्वारा, हवा के द्वारा और पानी के द्वारा ।
* हल्के बीज हवा के द्वारा एक जगह से दूसरे जगह पहुंच जाते हैं।
* कुछ बीज पानी में तैरते-तैरते बहुत दूर तक चले जाते हैं।
* मनुष्य भी अपनी आवश्यकतानुसार बीजों को नियंत्रित तरीके से बिखेरता है।
* प्रकृति भी बीजों के बिखरने में सहायता पहुंचाती है तथा उनके बिखरने हेतु बीजों में उपयुक्त अनुकूलता भी उत्पन्न करती है।

हवा में उड़नेवाले बीज



कपास के बीज

पानी में तैरकर बिखरनेवाले बीज



कमल के बीज

# बिहार दिवस विशेष

18 मार्च

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री



आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

## 30 राजभवन

राजभवन, बिहार के राज्यपाल का आधिकारिक निवास है । यह राज्य की राजधानी पटना में स्थित है । इसका निर्माण **1912** में शुरू हुआ और **1917** में पूरा हुआ। इसे न्यूजीलैंड में जन्मे वास्तुकार जोसेफ फियरिस मुनिंग्स ने डिजाइन किया था। भारत की आज़ादी से पहले, इस इमारत को गवर्नमेंट हाउस के नाम से जाना जाता था और यह **1917** से **1920** तक बिहार और उड़ीसा के लेफ्टिनेंट गवर्नर का आधिकारिक निवास था और फिर **1920** से **1936** तक बिहार और उड़ीसा के गवर्नर का आधिकारिक निवास था। बाद में **1936** में बिहार और उड़ीसा के विभाजन के बाद, यह बिहार के राज्यपाल का आधिकारिक निवास बन गया। इसे वर्तमान में राजभवन या गवर्नर हाउस के नाम से जाना जाता है।

राकेश कुमार



# गोल्डन पीरियड' में हमारा जीत का प्रतिशत ज्यादा बेहतर

| टीम | अवधि | इवेंट्स | मैच | जीते | जीत(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | अक्टूबर 2023 -मार्च 2025 | 3 | 24 | 23 | 95.83% |
| विंडीज | जून 1975- जून 1983 | 3 | 17 | 15 | 88.23% |
| ऑस्ट्रेलिया | मई 1999- अप्रैल 2007 | 7 | 44 | 37 | 84.09% |

**नोट:** 2007 वर्ल्ड टी20 ने कंगारू और 1987 वर्ल्ड कप ने विंडीज का दबदबा कमजोर किया।

 राकेश कुमार

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## वर्षा ऋतु में कपड़े देर से सूखते है क्यों?

वर्षा ऋतु में वायुमंडल में आद्रता अधिक होती है, इसके कारण वाष्पन की क्रिया धीमी गति से होती है। यहीं कारण है कि वर्षा ऋतु में कपड़े देर से सूखते है।



*Madhu priya*

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 18.03.2025

## मनोवृत्ति का नियम

मनोवृत्ति का नियम कहता है कि व्यक्ति की मानसिक स्थिति या मनोवृत्ति के आधार पर ही वह किसी काम को सीखता है. यानी, अगर कोई व्यक्ति किसी काम को सीखने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं है, तो वह उस काम को नहीं सीख पाएगा ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



दुनिया का पहला सोने से बना होटल,
वियतनाम की राजधानी हनोई में है इसका नाम
dolce hanoi golden lake है! इस होटल का
स्विमिंग पूल, बाथटब, शौचालय, और दीवारें,
24 कैरेट सोने की परत से बनाई गई है!



राकेश कुमार

# ToB बूझो तो जानें..

500

दौलत से बड़ी है यह, सब चीजों से ऊपर है यह
जो पाए पंडित बन जाए, बिन पाए मूर्ख रह जाए
.....बुझो तो जानें ?

www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

# ToB Photo of the day




म०वि०दाऊद छपरा मीनापुर, मुजफ्फरपुर



उ ०वि० मोख़लिसपुर, पूर्वी चंपारण



पर्दा कन्या म० वि० आरा, भोजपुर



उ०म०वि० कुल्हारिया, कैमूर

संकलनकर्ता- पुष्पा प्रसाद



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
18 मार्च
13
आयुध निर्माण दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ......
सन 1802 में इसी दिन भारत में प्रथम आयुध निर्माण कारखाने का शुभारम्भ हुआ था।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


18 मार्च
वैश्विक
पुनर्चक्रण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya